## सार-समाचार

### अतिक्रमण को निगम ने तोड़ा, सामान जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को नगर निगम ने सरकारी रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर एक मिष्ठान भण्डार और एक भोजनालय का सामान जब्त किया। रास्ते पर नलकूप खुदवाने से लेकर सीवरेज लाइन को तोड़ने का मामला भी सामने आया है। नगर निगम की टीम शुक्रवार दोपहर में सूरजपोल स्थित सारंग मार्ग पर पहुंची। इस रोड पर जोधाणा मिष्ठान,जगदीश मिष्ठान भंडार और संतोष दाल बाटी भोजनालय के पीछे की तरफ वहां इन फर्म का सामान पड़ा था। वहां पर छोटी चबूतरी बनाकर रसोई की भट्टी भी बना रखी थी जिसे टीम ने हटवाया। इससे पहले उन्होंने अपने स्तर पर निर्माण तोड़ दिया।अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक सड़क के बीच छाया के लिए अस्थायी शेड लगा रखे थे जो अपने स्तर पर उन्होंने हटाया। बताते है कि जोधाणा स्वीट के वहां पर नलकूप भी गली में खोद रखा था जिसे बंद किया गया और वहां पर सीवरेज लाइन को भी डैमेज करना पाया गया। निगम ने की टीम ने वहां पर सभी अतिक्रमण हटाए। सारंग मार्ग से पीछे गली को आखिरी छोर तक पूरा अस्थायी अतिक्रमण हटाकर खोला गया और वहां पड़ा भराव हटाया जा रहा है। पाबंद किया गया कि आगे अतिक्रमण हुए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों का कहना था कि पूरा रास्ता खोला जाए जो सड़क पर आगे मंदिर की तरफ निकलता है। इधर नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि इसका कोई मामला कोर्ट में विचाराधीन है जिस पर पूरा अध्ययन किया जाएगा। टीम में सीआई मांगीलाल डांगी,राजस्व विभाग के विजय जैन,राहुल मीणा और नगर निगम के होमगार्ड साथ थे।

### वानिकी सेटेलाईट प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान वानिकी एवं वन्य जीव प्रशिक्षण संस्थान जयपुर के एक घटक के रूप में उदयपुर में आरम्भ किये गये वानिकी सेटेलाईट प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन समारोह राजस्थान कृषि महाविद्यालय उदयपुर के सभागार में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक एस.आर.वी मूर्थी ने प्रशिक्षणार्थियों को सर्वश्रेष्ठ सेवा का अवसर मिलने की बात कहकर पूरे जोश एवं बिना किसी तनाव के कार्यक्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता कर रहे संभागीय मुख्य वन संरक्षक सुनील चिद्री ने प्रशिक्षणार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने और इस हेतु 10 आवश्यक क्वालिटी जीवन में लाने का आव्हान किया। ग्रीन पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष व एनटीसीए सदस्य राहुल भटनागर ने प्रशिक्षणाथिर्यों को जीवन में सकारात्मकता से कार्य करने संबंधी टिप्स दिये। प्रशिक्षण संस्थान के कोर्स डायरेक्टर शैतान सिंह देवडा ने 120वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र में अभी तक एक माह में संपन्न फील्ड ट्रेनिंग की रूपरेखा प्रस्तुत की। फील्ड ट्रेनिंग में कुल 145 प्रशिक्षणार्थियों को तीन अलग-अलग बैच में तीन मॉड्यूल में प्रशिक्षण दिया गया। उप वन संरक्षक उदयपुर अजय चितौडा व मुकेश सैनी ने वन विभाग में वनरक्षकों के दायित्व निर्वहन की जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए श्रेष्ठ योगदान देने का आव्हान किया। कार्य आयोजना अधिकारी अशोक महरिया सहित कुमार शुभम, संजय गुप्ता, यादवेन्द्र सिंह चुण्डावत, सुनील गुप्ता, विनोद रॉय, राजेन्द्र चौधरी, वी.एस.राणा, प्रताप सिह चूण्डावत, सुहैल मजबूर आदि मौजूद रहे।

### 24 घरेलू गैस सिलेण्डर पकड़े

**उदयपुर, (कासं)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशों के अनुसरण में अवैध एलपीजी रिफीलिंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से जान-माल की क्षति एवं घरेलू गैस के व्यवसायिक दुरूपयोग के कारण होने वाली राजस्व हानि तथा गैस सिलेण्डरों की अवैध भण्डारण की रोकथाम हेतु गठित विशेष जांच दलों ने शुक्रवार को उदयपुर में विविध स्थलों पर कार्यवाही की। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर के निर्देशन में शुक्रवार को विशेष जांच दल प्रथम प्रर्वतन अधिकारी श्रीमती डॉ. निशा मुन्दड़ा, श्रीमती पिर्की भाटी व प्रर्वतन निरीक्षक कालुराम निनामा ने सिटी स्टेशन रोड़, पटेल सर्कल हाथीपोल, गुलाबबाग रोड़ पर स्थित 13 प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक जांच कर 10 घरेलू सिलेण्डर जब्त किए। वहीं द्वितीय दल में जिला रसद अधिकारी विजय सिंह, प्रवर्तन अधिकारी विनोद परमार, श्रीमती हिमानी सोलंकी, प्रवर्तन निरीक्षक श्रीमती दिपीका रोत ने सुखाड़िया सर्कल उदियापोल बस स्टेशन पर स्थित 10 प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक जांच कर 14 घरेलू सिलेण्डर जब्त किये गये। डीएसओ भटनागर ने बताया कि दोषित फर्मो के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाहीं की जाएगी।

### गर्म कपडे वितरित किए

**डूंगरपुर, (निसं)।** कौमी एकता के प्रतिक हजरत किबला मस्तान शाह बाबा की याद में शुक्रवार को एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर की ओर से सामान्य चिकित्सालय डूंगरपुर में नवजात शिशुओं के लिए गर्म कपडे वितरित किये गये। सदर मकरानी ने बताया की मस्तान बाबा की याद में भामाशाहों के सहयोग से हमेशा जनहित के कार्यों में आगे रहा और ग्रुप की ओर से जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं को गर्म कपडे देकर नवाचार किया गया। डॉ महेंद्र डामोर ने गु प के जनहित के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहां कि ग्रुप हमेशा जनहित के अच्छे कामों में आगे रहता है और आज इन्होंने इस सर्दी के दौर में नवजात बच्चों को गर्म कपडे देकर काफी पुण्य का काम किया है। डॉ.नीलेश गोठी ने कहा कि ग्रुप की याद में साल भर अच्छे कामों में लगा रहता है इनकी ओर से लगातार राशन वितरण कंबल वितरण वृक्षारोपण कपडे की थैलियां का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर डॉ महेंद्र डामोर,डॉ निलेश गोठी, मेलनर्स राकेश सुथार, महेशचन्द्र जैन,अशोक जैन, प्रदीप रोत, दिपक पंड्या, एडवोकेट हितेश भंडारी, संदीप सेठीया, फिरोज कुरैशी, आसीफ मुल्तानी व ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी मौजूद थे। अन्त में धर्मेंद्र कलाल का आभार आभार जताया।

### मुख्यमंत्री उदयपुर आकर डूंगरपुर जाएंगे

**उदयपुर, ( कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार सुबह 10:25 बजे विशेष विमान से उदयपुर एयरपोर्ट आएंगे। वे यहां से 10:30 बजे डूंगरपुर के सागवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री वहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर पुन: हेलीकॉप्टर से दोपहर 2:35 बजे उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से 2:40 बजे विशेष विमान से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# जीवन ज्योति बीमा योजना में आवेदन को लेकर दिख रहा उत्साह

## कलक्टर असावा का नवाचार मिशन कुटुंब कवच ला रहा रंग

**राजसमंद, ०(निसं)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा का अभियान मिशन कुटुंब कवच अब रंग लाता दिख रहा है। सतत मॉनिटरिंग और समन्वय का नतीजा यह हुआ कि मात्र नौ दिन में ही जिलेभर में 58 हजार लोगों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में पंजीयन के लिए अपने आवेदन दिए हैं। सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गंभीर कलक्टर असावा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में वंचित समस्त नागरिकों को जोडने के लिए मिशन कुटुंब कवच अभियान शुरू किया था, जिसके तहत समस्त ग्राम पंचायतों और नगर निकायों में 27 दिसंबर और

■ **कलक्टर की पहल पर महज नौ दिन में ही 58 हजार लोगों ने कर दिए पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के आवेदन**

शुक्रवार को मेगा शिविर लगे। इसके अलावा अन्य दिनों में भी विभिन्न विभागों ने आवेदन लेने का कार्य किया। नतीजा यह है कि इतने कम दिनों में ही 58 हजार लोगों ने आवेदन कर दिया।

विभागवार प्रगति देखें तो लीड बैंक मैनेजर की ओर से 4591, राजीविका द्वारा 12827, ग्राम विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा 24667, राजस्व विभाग द्वारा 7831, कृषि विभाग द्वारा 29०० आवेदन करवाए गए हैं। इसके अलावा अन्य विभागों द्वारा भी आवेदन करवाए गए हैं। शुक्रवार सायं तक कुल 58 हजार 754 आवेदन आमजन द्वारा दिए गए हैं। अब इन आवेदनों को प्रक्रिया में लिया जाकर पॉलिसी जारी करने का कार्य भी बैंकों द्वारप्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भारत सरकार द्वारा लागू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत मात्र 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है। यह योजना 18 से 5० वर्ष की आयु के सभी बचत खाता धारकों के लिए लागू है। प्रीमियम की राशि खाताधारकों के बैंक खाते से ऑटो डेबिट के माध्यम से काटी जाती है। मिशन कुटुंब कवच महाअभियान के तहत प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के सभी पात्र नागरिकों को इस योजना का लाभ मिल सकें। खासतौर पर उन वंचित और जरूरतमंद लोगों को जो अभी तक इस योजना का हिस्सा नहीं बने हैं। जिला प्रशासन के प्रयासों के तहत विभिन्न विभागों जैसे कृषि, राजीविका, पंचायती राज और राजस्व सहित अन्य विभागों को सक्रिय रूप से शामिल किया गया है। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने परिवार को सुरक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर नागरिक तक बीमा सुरक्षा पहुँचाने का एक प्रयास है और समाज के सभी वर्गों को इस योजना से जुडने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए कि योजना का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचे, प्रशासन विभिन्न जागरूकता अभियान भी चला रहा है।



मेगा शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में पंजीयन के लिए लगी महिलाओं की भीड़।

# उदयपुर बाल पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ

**उदयपुर,।** विद्या भवन सोसायटी व विद्या भवन शिक्षा संदर्भ केंद्र द्वारा 'समझ के साथ पढ़ना' अभियान के तहत दूसरे उदयपुर बाल पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक राजेश मीणा ने किया। इस अवसर पर विद्या भवन सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र तायलिया, उपाध्यक्ष हंसराज चौधरी, मुख्य संचालक (सीइओ) राजेन्द्र भट्ट और चौकसी समूह की सीएसआर प्रमुख नम्रता

■ **बच्चों के लिए स्तरीय और विविधतापूर्ण बाल साहित्य जरूरी : मीणा**

चौकसी भी उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि राजेश मीणा ने कहा, विद्या भवन के इस आयोजन में बच्चों के लिए स्तरीय और विविधतापूर्ण बाल साहित्य उपलब्ध हैं, यह बेहद जरूरी है। जो बचपन की यादों को ताज़ा कर देता है। यह बच्चों के लिए एक शानदार महोत्सव है, जिसमें उनकी सक्रिय भागीदारी हो रही है। उदयपुर के लिए यह एक अनूठा प्रयास है। विद्या भवन के मुख्य संचालक राजेन्द्र भट्ट ने कहा कि इस महोत्सव को और व्यापक बनाया जाएगा और इसमें और अधिक बच्चों, लेखकों और बुद्धिजीवियों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने इस आयोजन के पीछे की मंशाओं को उजागर किया और इससे लाभान्वित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य उदयपुर में पढ़ने-लिखने और समझने की संस्कृति को बढ़ावा देना है। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराकर बच्चों में सीखने का आत्मविश्वास बढ़ाना है। विद्या भवन के अध्यक्ष डॉ. तायलिया ने कहा कि विद्या भवन बच्चों के लिए इस तरह के सृजनात्मक अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

विद्या भवन शिक्षा संदर्भ केंद्र के इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष से शुरू किया गया समझ के साथ पढ़ना' अभियान राजस्थान के 72 स्कूलों के 6000 से अधिक बच्चों को 'दोस्तों के लिए पुस्तकें' गतिविधि से जोड़ चुका है। इस अभियान के तहत बच्चों में समझ के साथ पढ़ने की क्षमता का विकास किया जा रहा है। यह महोत्सव 3 से 31 जनवरी तक चलेगा।

विद्या भवन शिक्षा संदर्भ केंद्र द्वारा आयोजित इस महोत्सव में बच्चे, अभिभावक, शिक्षक और विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं के लोग बच्चों के साथ क गतिविधियों में भाग लेंगे। यह उनके आधारभूत शिक्षा को सशक्त बनाते हुए, उन्हें कुशल पाठक और आजीवन शिक्षार्थी बनने के लिए प्रेरित करेगा। उद्घाटन समारोह में विद्या भवन की सभी संस्थाओं के प्रमुख मानद सचिव गोपाल बम्ब, प्रो. रमाकांत अग्निहोत्री, कमल महेन्द्रू, विलास जानवे और अन्य पार्टनर संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा नागरिक समाज के लोग उपस्थित थे। विद्या भवन स्कूल, सेवा मंदिर और अभिलाषा कार्यक्रम के लगभग 250 बच्चों सहित लगभग 400 लोग उद्घाटन समारोह में मौजूद थे। महोत्सव के एक महीने के दौरान, एकलव्य, नेशनल बुक ट्रस्ट, चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट, जागोरी, इकतारा, स्कालिस्टिक जैसे प्रमुख प्रकाशकों की किताबें, शैक्षिक सहायक सामग्री, विज्ञान किट और गणित किट उपलब्ध होंगी। विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों के बच्चों को इस महोत्सव में आमंत्रित किया जाएगा और उनके साथ भाषा, विज्ञान और गणित की गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। विद्या भवन यह उदयपुर बाल पुस्तक महोत्सव लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन, सेंटर फॉर माइक्रो फाइनेंस, एकलव्य, मोहन सिंह मेहता मेमोरियल ट्रस्ट और रविन्द्र हैरियस प्रा. लि. के सहयोग से आयोजित कर रहा है। इस महोत्सव में आदिवासी जनजातीय क्षेत्र खेरवाड़ा और कोटड़ा में सेवा मंदिर द्वारा संचालित बाल आवासीय साक्षरता शिविर के 66 ड्रॉप-आउट बच्चों ने स्टोरी टेलिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, नाटक और गणितीय गतिविधियों में भाग लिया।



बाल पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ करते ( दाएं से दूसरे ) आईजी राजेश मीणा

### 51 यूनिट रक्तदान

**डूंगरपुर, (निसं)।** बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के तेरहवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रमो की श्रृंखला में शुक्रवार को बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय बांसवाडा परिसर में क्षेत्रीय प्रबन्धक कमल कुमार सोनी की अध्यक्षता में भारतीय ब्लड सेंटर एवं उनकी विशेषज्ञ मेडिकल टीम की उपस्थिति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 51 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ हरीश कटारा निदेशक भारतीय ब्लड बैंक बांसवाडा, कमल कुमार सोनी क्षेत्रीय प्रबंधक, परमेश्वर गुप्ता मुख्य प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकए बैंक ऑफ बडौदाए भारतीय स्टेट बैंक के स्टाफ सदस्योंए बैंक के ग्राहकोंए सेवा निवृत्त स्टाफ सदस्यों द्वारा रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान प्रदान किया। शिविर के सफल आयोजन पर क्षेत्रीय प्रबंधक के के सोनी ने भारतीय ब्लड बैंक की डॉक्टर कुसुम कांत पटेल एवं उनकी टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक कमल कुमार सोनी एवं मुख्य प्रबंधक परमेश्वर गुप्ता ने बताया कि बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के साथ ही सामाजिक सेवा में बैंक की भागीदारी हेतु इस प्रकार के शिविर का आयोजन समाज के प्रति संस्थागत दायित्व का निर्वहन हो कर एक पुनीत कार्य हैं।समस्त रक्त दाताओं को ब्लड बैंक और बैंक द्वारा प्रमाण.पत्रए स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार व्यक्त किया गया। आभार प्रदर्शन प्रबन्धक सागर जीनगर द्वारा किया गया।

## रात्रि चौपाल में सुनी परिवेदनाएं

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने गुरुवार ग्राम पंचायत वरसिंगपुर पंचायत समिति सागवाडा में गुरुवार को आयोजित रात्रि चौपाल में ग्राम वासियों की परिवेदनाओं को सुना तथा संबंधित विभागध्यक्ष से तथ्यात्मक जानकारी लेते हुए निस्तारण के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किये। रात्रि चौपाल में ग्राम वासियों ने परिवेदनाओं को प्रस्तुत किया। इस पर जिला कलक्टर सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारी को मौके पर ही परिवेदना का निस्तारण ग्राम, जिला अथवा राज्य स्तर जिस स्तर से संबंधित है तथा उसका निस्तारण कब तक किया जा सकता है, उसकी जानकारी ग्राम वासियों को देने के निर्देश दिए, जिस पर संबंधित अधिकारियों ने पूर्ण जानकारी प्रदान की। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों न रिंगवाल निर्माण, श्मशान घाट के नव निर्माण कार्य, वरसिंगपुर पटवार मण्डल को सागवाडा तहसील में जोडने, सीसी सडक का निर्माण कार्य, ग्राम पंचायल वरसिंगपुर पटवार मण्डल को भू अभिलेख वृत सागवाडा में यथावत रखने, राजस्व गॉव बडलिया में विकास कार्य करने, बडलिया में सडक एवं तैजोर तालाब एवं सौन्दर्यीकरण, सेवक पुजारी समाज वरसिंगपुर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के जिला सामुदायिक भवन निर्माण करने की परिवहन प्रस्तुत का

**कार्यालय नगर परिषद् बांसवाड़ा ( राज. )**

फोन : 02962-243714, 247201, फैक्स : 02962-243714, Email:palika.bsw@gmail.com

क्रमांक: प.12 ( . )/न.प.बा./राजस्व/2025/7267-69 दिनांक : 03.01.2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स इण्डस टावर्स लिमिटेड द्वारा नगर परिषद् सीमा क्षेत्र में निम्न स्थान पर ग्राउण्ड बेस्ड टॉवर ( जी.बी.एम. ) एण्टिना लगाने हेतु हेतु कार्यालय नगर परिषद् में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. सं. | टॉवर/एण्टिना प्रकार | टॉवर/एण्टिना लगाने वाली कम्पनी | टॉवर/एण्टिना लगाने का स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | जी.बी.एम. | मैसर्स इण्डस टॉवर लिमिटेड | रोड साईट ओपन प्लॉट रातीतलाई गली नं.07, बांसवाड़ा |

अत: उक्त स्थान पर मोबाईल टॉवर स्थापित करने हेतु किसी संस्था, व्यक्ति या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो आपत्ति कारण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति 07 दिवस में परिषद कार्यालय में प्रस्तुत करें बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।

आयुक्त - नगर परिषद, बांसवाड़ा

**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone.-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ./नामा./2024/15090 दिनांक : 03/01/2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजेश बागोरा व अन्य निवासी विनायक विहार श्री नाथ कॉलोनी, नाथद्वारा | क्षेत्रफल 5735 वर्गफिट, आरटीडीसी रोड़ लाल बाग, नाथद्वारा | दिनेश चन्द्र लोढा का भूखण्ड | मांगीलालजी सालवी द्वारा विक्रित भूखण्ड | आर टी डीसी रोड़ | वर्तमान समय में श्री इन्द्रलालजी वागरेचा का भूखण्ड |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

**कार्यालय नगर पालिका फतहनगर सनवाड जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-न.पा.फ.स./2024-25-/1932 दिनांक :02/01/2025

**लोक-सूचना**

(1) श्री अनिल कुमार पिता पुरूषोत्तम लाल जी (2) श्री ताराचन्द पिता पुरूषोत्तम लाल जी (3) श्री नवीन कुमार पिता पुरूषोत्तम लाल जी (4) श्री प्रकाश चन्द्र पिता पुरूषोत्तम लाल जी (5) श्रीमती राजकुमारी पत्नी पुरूषोत्तम लाल जी निवासी फतहनगर तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर -कृषिक व्यवसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है,अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| तहसील मावली जिला-उदयपुर (राज.) | राजस्व ग्राम चंगेडी पटवार हल्का चंगेडी | 379 कुल किता 01 | रकबा 0.5261 हैक्टेयर में सें 0.1621 हैक्टेयर यानि 17441 वर्गफीट यानी 1620.91 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 02/01/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका फतहनगर सनवाड़

**कार्यालय नगर परिषद राजसमन्द, जिला राजसमन्द**

क्रमांक:न.प.रा./भू.रूपा./2025/6484 दिनांक : 03/01/2025

**आपत्ती सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खातेदार श्री हुक्मीचन्द पिता श्री चुन्नीलाल भील निवासी गुडली तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा राजस्व ग्राम गुडली आराजी नम्बर 159/2 रकबा 0.0243 हैक्टेयर, आराजी नम्बर 601/156 रकबा 0.0061 हैक्टेयर भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ जो प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द क्रमांक:-प्राधि.अ./न.प.रा.भूमि.रूपा./ 2024-25/ 129-132 दिनांक 09.12.2024 द्वारा 90-क के तहत बिलानाम न.प.रा.दर्ज की स्वीकृति हो चुकी है, जिसमें निम्न आवेदकों द्वारा आवासीय प्रयोजनार्थ नियमन/आवंटन कराने हेतु आवंटन शपथ पत्र के आधार पर आवेदन किया है।

| क्र. सं. | नाम आवंटी का | भू.स. | वर्गमीटर |
|---|---|---|---|
| 01 | 1-श्री विकास अग्रवाल पिता श्री ओम प्रकाश अग्रवाल निवासी सुन्दर कॉलोनी भीलवाड़ा रोड़ कांकरोली तहसील व जिला राजसमंद। 2-श्री उदयलाल अहीर पिता श्री मोहन लाल अहीर निवासी बस स्टेण्ड पीपली अहिरान तहसील कुंवारिया जिला राजसमंद। 3-श्री हेमन्त गुर्जर पिता श्री गोविन्द गुर्जर निवासी नई आबादी आसोटिया,कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द। | - | 251.67 |

अत: इस संबंध में किसी हितकारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना जारी तिथि के 7 दिवस में लिखित में मय सबूत दस्तावेज के परिषद में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मयाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द


विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली के सौजन्य से आयोजित

**राज्य स्तरीय गाँधी शिल्प बाजार**

दिनांकः 01 जनवरी, 2025 से 04 जनवरी, 2025 तक
समयः सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक

**आज अन्तिम दिन**

स्थानः पी एमश्री राजकीय फतह उच्चमाध्यमिक विद्यालय, उदयपुर, राजस्थान

देश के ख्याति प्राप्त शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री में आप सादर आमंत्रित है

कलकत्ता की साड़ी, गुजराती पैच वर्क की चादरें, कारपेट, हैण्डलूम हैण्डीक्राफ्ट, सौन्दर्य उत्पाद, इंटीरियर्स



फर्नीचर, लहंगा, चुनरी, साड़ी व डिजाइनर सूट, लाख ज्वैलरी व कड़ा, कॉटन शर्ट व खादी कुर्ता, ड्राई फ्लावर, बेडशीट फर्नीचर इत्यादि।



आयोजकः- पाण्डेश्वर जन कल्याण संस्थान, प्रयागराज, उ.प्र.


# गुलाब का फूल देकर वाहन ड्राइवरों को किया जागरूक

**डूंगरपुर, (निसं)।** पुराना बस स्टैंड पर जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन ने वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाने के साथ बिना हेलमेट के निकले दुपहिया वाहन ड्राइवरों को हेलमेट देकर सडक सुरक्षा को लेकर जागरूक किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में परिवहन विभाग और पुलिस की ओर से सडक सुरक्षा जागरूकता माह

■ **एसपी ने पहना, हेलमेट कहा सुरक्षित रहने के लिए नियमों का पालन करें**

अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को शहर के पुराना बस स्टैंड पर एसपी मोनिका सैन ने वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाने के साथ बिना हेलमेट के निकले दुपहिया वाहन ड्राइवरों को हेलमेट देकर सडक सुरक्षा को लेकर जागरूक किया।

सडक सुरक्षा जागरूकता माह अभियान के तहत परिवहन और पुलिस की ओर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। शुक्रवार को शहर के पुराना बस स्टैंड पर सडक सुरक्षा माह अभियान को लेकर आमजन को गुलाब का फूल देकर जागरूक किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन, डीएसपी तपेन्द्र मीणा, कोतवाली सीआई भगवानलाल, सदर सीआई हरेंद्र सौदा के साथ परिवहन विभाग के निरीक्षकों ने वाहन ड्राइवरों को हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने, ओवरलोड वाहन नहीं चलाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, ओवर स्पीड वाहन नहीं चलाने के प्रति जागरूक करते हुए सडक सुरक्षा का महत्व बताया। साथ ही चौपहिया वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाए, साथ ही बिना हेलमेट पहने घरों से निकले लोगों को हेलमेट की उपयोगिता के बारे में बताते हुए हेलमेट भी दिए। जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन ने बताया कि सडक सुरक्षा माह अभियान के तहत 31 जनवरी तक जिलेभर में जागरूकता के कई कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। वहीं नियमों की अवहेलना करने पर सख्ती भी बरती जाएगी।



बिना हेलमेट के निकले दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करती जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन।

## नहरों के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाने की मांग

**डूंगरपुर।** आदिवासी जनाधिकार एकामंच जिला कमेटी डूंगरपुर के सचिव फाल्गुन भराडा ने बताया कि कोडियागुण बांध की दोनों नहरों को व्यवस्थित करने, सिंगुडिया गडा मौरिया तालाब की नहर, सोम का पानी लिफ्ट के माध्यम सिंगुडिया तालाब में लाने,कांकरीसोल गडा कोकल नई नहर ठीक करने सहित मांगों को लेकर जिला कलक्टर सहित अधिषाषी अभियंता, विकास अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। अधीशाषी अभियंता जल संसाधन विभाग, सिंचाई विभाग कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर कोडियागुण नहरे तुंरत प्रभाव से ठीक कर जल्द से जल्द किसानों के खेतों तक पानी पहुँचाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष गौतमलाल डामोर ने कहा कि यह कि तहसील गामडी अहाडा के कोडियागुण बांध की दोनों नहरों से पानी का सीपेज हो रहा है। जिसे अतिशीघ्र पुर्ननिर्माण कर बंद करवाया जावे एवं किसानों को अतिशीघ्र पानी दिया जावे तथा पूर्वी व पश्चिमी नेहरे अभी तक अंतिम छोर तक निर्माण नही हुआ है। जिसका अतिशीघ्र निर्माण कर किसानो के खेत तक दौरे का निर्माण कर पानी दिया जावे डूंगरपुर तहसील के सिंगुडिया तालाब से गाईनर नहर क्षतिग्रस्त है। जिसका पानी किसानो के खेत तक नहीं पहुंच रहा है और फसल सुख रही है। अतिशीघ्र माईनर नहर का निर्माण कर पानी सप्लाई किया जावें। साथ ही सोम नदी से पूर्व में लिफ्ट योजना से सिंगुडिया बांध में पानी डालने का बजट पास हो चुका था,लेकिन अब तक निर्माण सम्बन्धित कार्यवाही नहीं हुई है, आप अतिशीघ्र सोमनदी से लिफ्ट योजना से करीब डेढ किमी.की दूरी पर सिंगुडिया बांध में पानी डाला जायें ताकि यहां से दो और तालाबों में पानी डालकर हजारों किसानों को पानी सप्लाई किया जा सकता है और यहां के किसानों की लम्बे समय से मांग है। अतिशीघ्र नेहरों का निर्माण पूर्ण करावे साथ ही कांकरीसोल तालाब की नहर शुरू ही है जो कि पानी किसानों के खेतों में सीपेज हो रहा है तो आधा पानी नदी में व्यर्थ बह रहा हैं,ऐसे में किसानों के खेतों तक पानी कैसे पहुँचेगा इन सभी मांगों का समाधान शीघ्र अतिशीघ्र करें अन्यथा आंदोलन तेज होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रसाशन की रहेगी।

**कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति भीम, जिला राजसमन्द**

क्रमांक:-पंसभी/लेखा/निविदा/2024-25/411 दिनांक-03.01.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या-11-43/2024-25**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति भीम के अधीनस्थ समस्त 33 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्माण सामग्री क्रय हेतु इच्छुक जी.एस.टी.पंजीकृत निविदादाताओं/ फर्मो से दिनांक 31.03.2025 तक अथवा आगामी आदेश तक ग्राम पंचायत स्तर पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बधित विवरण वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE-ZRR2425A0327 (33 Bid)
UBN-ZRR2425GLRC00758 to790

प्रधान पंचायत समिति भीम | विकास अधिकारी पंचायत समिति भीम